# वार्षिक प्रतिवेदन

## (2022-23)

## राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच)

## जिला मण्डी (हि. प्र.)

## *वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह*

**मार्च 27, 2023**

## मुख्यातिथि :

**डॉ० वाई. पी. शर्मा, प्राचार्य (सेवानिवृत्त)**

*प्रस्तुतकर्ता :*
श्रीमती जया कुमारी
प्राचार्या
राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच)

### स्वागत सम्बोधन

आज के समारोह के मुख्यातिथि डॉ० वाई. पी. शर्मा, प्राचार्य (सेवानिवृत्त), उपस्थित सभी गणमान्य अतिथिगण, प्राध्यापक वर्ग, कर्मचारी वर्ग एवं प्यारे विद्यार्थियों I

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) के तेरहवें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के अवसर पर कर्मठ एवं सादगीपूर्ण व्यक्तित्व के धनी डॉ० वाई. पी. शर्मा के हमारे मध्य पधारने पर हम सब गर्व का अनुभव कर रहे हैं I मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से मुख्यातिथि जी का हार्दिक अभिनन्दन और स्वागत करती हूँ I महोदय, आपने हमारे विनम्र अनुरोध पर महाविद्यालय पधार कर हमें गौरवान्वित किया है जिसके लिए हम आपके बहुत आभारी हैं I

मान्यवर, पारितोषिक वितरण समारोह एक ऐसा स्वर्ण अवसर है जिसमें होनहार छात्रों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल-कूद के क्षेत्र में उनकी श्रेष्ठ उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत करके सम्मानित किया जाता है I अन्य छात्रों के लिए भी यह एक प्रेरणात्मक अनुभव होता है I आप जैसे एक गम्भीर विचारक एवं बहुआयामी व्यक्तित्व के करकमलों से पुरस्कार प्राप्त कर विद्यार्थी स्वयं को सौभाग्यशाली समझेंगे I एक बार फिर महाविद्यालय परिवार की ओर से मैं आपका हार्दिक अभिनन्दन करती हूँ I

मान्यवर, सन 2007 को इस महाविद्यालय का शुभारंभ हुआ था I महाविद्यालय के इस क्षेत्र में खुलने से यहाँ के स्थानीय बच्चों को विशेष लाभ हुआ है I मान्यवर इस महाविद्यालय में जुलाई 2016 से वाणिज्य की कक्षाएं तथा 2018 में विज्ञान संकाय की कक्षाएँ शुरू हुई है I वर्तमान में यह संख्या **538** तक पहुँच चुकी है I जिसमें कला संकाय में **483** छात्र, वाणिज्य विषय में **18** छात्र और विज्ञान संकाय में **37** छात्र पंजीकृत हैं I इस महाविद्यालय से शिक्षित विद्यार्थी समाज के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं I इसके साथ साथ इस महाविद्यालय ने अपनी प्रारंभिक अवस्था में कई उल्लेखनीय कार्य किये हैं I

मान्यवर, अब मैं आपके समक्ष महाविद्यालय की पिछले वर्ष की उपलब्धियों का संक्षेप में विवरण प्रस्तुत करने की अनुमति चाहती हूँ I

## वर्गानुसार छात्र संख्या :

वर्ष 2007 में जहां इस महाविद्यालय में 40 के करीब छात्रों ने प्रवेश लिया, वहीं यह संख्या इस सत्र में 538 हो गयी है I महाविद्यालय में न केवल संख्या में वृद्धि दर्ज की अपितु शिक्षा में गुणात्मकता लाने का प्रयास किया है I इस शैक्षणिक सत्र में राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में **538** छात्र- छात्राओं ने प्रवेश लिया I इनमे **348** छात्राएं तथा **190** छात्र हैं I जिनका विवरण निम्नलिखित है **:**

| कक्षा | सामान्य वर्ग | | | अनुसूचित वर्ग | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल |
| बी० ए० I | 81 | 37 | 118 | 45 | 36 | 81 | 7 | 5 | 12 | 133 | 78 | 211 |
| बी.कॉम. I | 2 | 2 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 4 |
| बी.एस.सी I | 7 | 4 | 11 | 3 | 1 | 4 | 0 | 0 | 0 | 10 | 5 | 15 |
| बी० ए० II | 71 | 23 | 94 | 46 | 26 | 72 | 3 | 4 | 7 | 120 | 53 | 173 |
| बी.कॉम. II | 0 | 3 | 3 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 4 | 5 |
| बी.एस.सी II | 6 | 1 | 7 | 1 | 1 | 2 | 0 | 1 | 1 | 7 | 3 | 10 |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बी० ए० III | 37 | 14 | 51 | 24 | 19 | 43 | 2 | 3 | 5 | 63 | 36 | 99 |
| बी.कॉम. III | 4 | 3 | 7 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 5 | 4 | 9 |
| बी.एस.सी III | 5 | 3 | 8 | 2 | 1 | 3 | 0 | 1 | 1 | 7 | 5 | 12 |
| **कुल** | **213** | **90** | **303** | **123** | **86** | **209** | **12** | **14** | **26** | **348** | **190** | **538** |

## वार्षिक परीक्षा परिणाम :

किसी भी शिक्षा संस्थान के स्तर की कसौटी को जांचने के लिए उसके परीक्षा परिणाम का बेहतर रहना अनिवार्य होता है I वर्तमान में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा यू. जी. सी (सी. बी. सी. एस.) रूसा पद्धति को अपनाया गया है I राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सेमेस्टर सिस्टम के आधार पर ग्रेड सिस्टम को अपनाया गया है I इसमें पहले रोल ऑन पद्धति के आधार पर छात्रों को प्रवेश दिया जाता था I इस प्रणाली में सत्र 2016 से वार्षिक परीक्षा पद्धति को अपनाया गया, जिसमें छात्रों को उत्तीर्ण- अनुतीर्ण करके परिणाम दिया गया I सत्र 2022-23 में बी ए / बी.कॉम. / बी.एस.सी प्रथम, बी ए / बी.कॉम. / बी.एस.सी द्वितीय और बी ए / बी.कॉम. / बी.एस.सी तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमे परीक्षा का परिणाम निन्मवत रहा :

| कक्षा | उतीर्ण | अनुपूरक | अनुतीर्ण | कुल |
|---|---|---|---|---|
| बी० ए० I | 52 | 74 | 60 | 186 |
| बी.कॉम. I | 02 | 01 | 08 | 11 |
| बी.एस.सी I | 04 | 01 | 00 | 05 |
| बी० ए० II | 73 | 33 | 15 | 121 |
| बी.कॉम. II | 07 | 00 | 04 | 11 |
| बी.एस.सी II | 06 | 05 | 00 | 11 |
| बी० ए० III | 77 | 30 | 08 | 115 |
| बी.कॉम. III | 14 | 01 | 05 | 20 |
| बी.एस.सी III | 13 | 01 | 01 | 15 |

## छात्रवृतियां

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों की योग्यता को बढाने के लिए ऑन लाइन छात्रवृति प्रदान की जा रही है जिसमें वर्ष में महाविद्यालय के 47 छात्रों ने आवेदन किया है I जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :

| क्रम संख्या | वर्ग | कुल् छात्र |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति (SC) | 28 |
| 2 | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 02 |
| 3 | कल्पना चावला छात्रवृति | 05 |
| 4 | केन्द्रीय छात्रवृति योजना | 11 |
| 5 | एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (IRDP) | 01 |
| **कुल** | | **47** |

# महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों का विवरण

## i) शिक्षण स्टॉफ:

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | श्रीमती जया कुमारी (कार्यवाहक प्राचार्या) | सह आचार्या (इतिहास ) |

| | | |
|---|---|---|
| **2.** | श्री रमेश चंद कटारिया | सह आचार्य (जन्तु विज्ञान) |
| **3.** | डॉ० कुलभूषण शर्मा | सहायक आचार्य (अंग्रेजी ) |
| **4.** | श्री विवेक कपूर | सहायक आचार्य (गणित) |
| **5.** | डॉ० दलीप सिंह | सहायक आचार्य (भौतिक विज्ञान) |
| **6.** | डॉ. सुरेन्द्र कुमार | सहायक आचार्य (संगीत- गायन ) |
| **7.** | श्री कुशाल सिंह | सहायक आचार्य (हिंदी) |
| **8.** | श्री ख्याल चंद | सहायक आचार्य (भूगोल) |
| **9.** | डॉ रविंदर कुमार | सहायक आचार्य (शारीरिक शिक्षा ) |
| **10.** | श्री ओंकार शरण वरेश्वर सिंह | सहायक आचार्य (राजनीति विज्ञान ) |
| **11.** | श्रीमती अनुपमा शर्मा | सहायक आचार्या (अंग्रेजी) |
| **12.** | श्री बोध राज | सहायक आचार्य (वाणिज्य) |
| **पी० टी० ए० स्टाफ :** | | |
| **1.** | श्री चितरंजन कुमार | कंप्यूटर ऑपरेटर |

### ii) गैर-शिक्षण स्टॉफ :

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | श्री जोगिन्दर सिंह वर्मा | अधीक्षक ग्रेड - I |
| **2.** | श्री सीता राम | अधीक्षक ग्रेड - II |
| **3.** | श्री विजय कुमार | कनिष्ठ कार्यालय सहायक |
| **4.** | श्री मणी चंद | लिपिक |
| **5.** | श्री राकेश कुमार | सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष |
| **6.** | श्री रमेश कुमार | वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक |
| **7.** | श्री देवकी नंदन | कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक |
| **8.** | श्रीमती रुमा देवी | प्रयोगशाला परिचर |
| **9.** | श्री ठाकुर दास | प्रयोगशाला परिचर |
| **10.** | श्री जय सिंह | प्रयोगशाला परिचर |
| **11.** | श्रीमती शाकुंतला देवी | प्रयोगशाला परिचर |
| **12.** | श्री दुनी चंद | प्रयोगशाला परिचर |
| **13.** | श्री लाल सिंह | चौकीदार |
| **14.** | श्री हेम राज | सेवादार |
| **15.** | श्रीमती हिमा देवी | सेवादार |
| **16.** | श्रीमती बालू देवी | सेवादार |
| **17.** | श्रीमती तारा देवी | सेवादार |
| **18.** | श्रीमती मीरा देवी | सेवादार |

## पदग्रहण, स्थानान्तरण, सेवानिवृतियां, रिक्तियाँ एवम नियुक्तियाँ :

### i) पदग्रहण :

राजकीय महाविद्यालय सराज(लम्बाथाच) में गत वर्ष निम्नलिखित सदस्यों ने पद ग्रहण किया :

**a)** श्री विजय कुमार कनिष्ट कार्यालय सहायक ने अपना दो वर्ष अनुबंध सेवा पूर्ण कर नियमित सेवा 01 अप्रैल, 2022 को पद ग्रहण किया I

**b)** डॉ० सावित्री देवी ने सहायक आचार्या हिंदी के पद पर 02 अप्रैल, 2022 को पद ग्रहण किया I

**c)** श्रीमती बालू देवी ने सेवादार के पद पर 28 अप्रैल, 2022 को पद ग्रहण किया I

**d)** श्री दुनी चंद सेवादार के पद से पदोन्नत होकर 19 अप्रैल, 2022 को प्रयोगशाला परिचर का पद ग्रहण किया I

**e)** श्री ठाकुर दास सेवादार के पद से हाई स्कूल खौली जिला मंडी से पदोन्नति सथानातरित होकर 20 अप्रैल, 2022 को प्रयोगशाला परिचर का पद ग्रहण किया I

**f)** श्रीमती शकुन्तला देवी प्रयोगशाला परिचर के पद पर 25 मई, 2022 को पद ग्रहण किया ।

**g)** श्री कुशाल सिंह, सहायक आचार्य हिंदी के पद पर 12 अगस्त, 2022 को पद ग्रहण किया ।

**h)** श्रीमती तारा देवी सेवादार के पद पर 07 अक्टूबर, 2022 को पद ग्रहण किया ।

**i)** श्री रमेश चंद कटारिया, सह आचार्य जिव विज्ञान के पद पर 07 अक्टूबर, 2022 को पद ग्रहण किया ।

**j)** श्रीमती मीरा देवी सेवादार के पद पर 10 अक्टूबर, 2022 को पद ग्रहण किया ।

**k)** श्री जोगिन्दर सिंह वर्मा अधीक्षक ग्रेड -I के पद पर 14 अक्टूबर, 2022 को पद ग्रहण किया ।

**l)** श्रीमती जया कुमारी सह आचार्या इतिहास के पद पर 15 अक्टूबर, 2022 को पद ग्रहण किया ।

**m)** श्री देवकी नंदन, प्रयोगशाला परिचर के पद से रा० व0 मा0 पा0 जरोल जिला मंडी से पदोन्नति सथानातरित होकर 10 फरवरी, 2023 को कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक का पद ग्रहण किया I

## ii) स्थानान्तरण :

सरकारी नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए स्थानान्तरण एक सामान्य प्रक्रिया है I इसके अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) से गत वर्ष निम्नलिखित सदस्यों का स्थानान्तरण हुआ :

**a)** श्री कुशाल सिंह, सहायक आचार्य हिंदी का स्थानांतरण 01 अप्रैल, 2022 को राजकीय महाविद्यालय करसोग जिला मंडी को हुआ।

**b)** श्री कमलेश कुमार, प्रयोगशाला परिचर का स्थानांतरण 19 अप्रैल, 2022 को रा० व0 मा0 पा0 थुनाग जिला मंडी को हुआ।

**c)** श्री देवकी नंदन, प्रयोगशाला परिचर का स्थानांतरण 25 मई, 20220 को रा० व0 मा0 पा0 जरोल जिला मंडी को हुआ।

**d)** डॉ० सावित्री देवी सहायक आचार्या हिंदी का स्थानांतरण 12 अगस्त, 2022 को राजकीय महाविद्यालय करसोग जिला मंडी को हुआ।

**e)** डॉ० मनीष कुमार सहायक आचार्य रसायन विज्ञान का स्थानांतरण 30 सितम्बर, 2022 को राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं (बिलासपुर) जिला बिलासपुर को हुआ।

**f)** श्री लाभ सिंह, सेवादार क्लर्क के पद पर पदोन्नत होकर सथानांतरण राजकीय वरिष्ट माध्यमिक पाठशाला शिकावरी जिला मंडी 24 सितम्बर, 2022 को हुआ।

**g)** श्री संजय चौहान सहायक आचार्य जिव विज्ञान का स्थानांतरण 04 अक्टूबर, 2022 को राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर जिला हमीरपुर को हुआ।

**h)** डॉ॰ प्रेम प्रकाश सहायक आचार्य रसायन विज्ञान का स्थानांतरण 13 अक्टूबर, 2022 को राजकीय महाविद्यालय करसोग जिला मंडी को हुआ।

**i)** श्री विनोद कुमार सहायक आचार्य इतिहास का स्थानांतरण 19 नवम्बर, 2022 को राजकीय महाविद्यालय आनी जिला कुल्लू को हुआ।

**j)** श्री देव राज सहायक आचार्य वाणिज्य का स्थानांतरण 05 दिसम्बर, 2022 को राजकीय महाविद्यालय रेकांग्पियो जिला किन्नौर को हुआ।

**k)** डॉ॰ लोमेश्वर सहायक आचार्य रसायन विज्ञान का स्थानांतरण 07 मार्च, 2023 को राजकीय महाविद्यालय करसोग जिला मंडी को हुआ।

## iii) सेवानिवृतियां:

**a)** डॉ॰ राकेश शर्मा, प्रिंसिपल के पद पर अपनी सरकारी सेवाओं से 30 सितम्बर, 2022 को सेवानिवृत्त हुए I

b) श्रीमती दौलतू देवी, सेवादार के पद पर अपनी सरकारी सेवाओं से 30 सितम्बर, 2022 को सेवानिवृत्त हुई I

## iv) रिक्तियां एवम नियुक्तियाँ:

महाविद्यालय में प्राचार्य का 1 पद, प्राध्यापकों के 18 पद स्वीकृत हैं I इन में से 11 पद कला संकाय, 5 पद विज्ञान संकाय व 2 पद बाणिज्य विभाग के लिए सृजित है I इन 18 पदों में से केवल 12 पद भरे गए हैं, शेष 6 पद रिक्त हैं I गैर शिक्षक पदों में 26 पद सृजित हैं जिनमे से 18 पद भरे गए हैं और 08 पद रिक्त हैं I महाविद्यालय में सृजित, नियमित व रिक्त पदों का विवरण निम्नलिखित है:

## महाविद्यालय में स्टॉफ व्यवस्था:

**शिक्षक वर्ग :**

| क्र० स० | विषय | स्वीकृत पद | नियमित | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | 2 | 2 | - |
| 2 | अर्थशास्त्र | 1 | - | 1 |
| 3 | इतिहास | 1 | 1 | - |
| 4 | राजनीति शास्त्र | 1 | 1 | - |
| 5 | भूगोल | 1 | 1 | - |
| 6 | हिन्दी | 1 | 1 | - |
| 7 | संस्कृत | 1 | - | 1 |
| 8 | समाजशास्त्र | 1 | - | 1 |
| 9 | शारीरिक शिक्षा | 1 | 1 | - |
| 10 | संगीत | 1 | 1 | - |
| 11 | वाणिज्य | 2 | 1 | 1 |
| 12 | रसायन विज्ञान | 1 | - | 1 |
| 13 | वनस्पति विज्ञान | 1 | - | 1 |
| 14 | जंतु विज्ञान | 1 | 1 | - |
| 15 | गणित | 1 | 1 | - |
| 16 | भौतिक विज्ञान | 1 | 1 | - |
| **कुल** | | **18** | **12** | **06** |

**गैर शिक्षक वर्ग :**

| क्र० स० | विषय | स्वीकृत पद | नियमित | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अधीक्षक ग्रेड –I | 1 | 1 | - |
| 2 | अधीक्षक ग्रेड –II | 1 | 1 | - |
| 3 | वरिष्ठ सहायक | 1 | - | 1 |
| 4 | लिपिक | 3 | 2 | 1 |
| 5 | पुस्तकालय अध्यक्ष | 1 | - | 1 |
| 6 | सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष | 1 | 1 | - |
| 7 | पुस्तकालय परिचर | 1 | - | 1 |
| 8 | वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक | 1 | 1 | - |
| 9 | कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक | 2 | 1 | 1 |
| 10 | प्रयोगशाला परिचर | 5 | 5 | - |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **11** | स्टोर कीपर | 1 | - | 1 |
| **12** | रिस्टोरर | 1 | - | 1 |
| **13** | तबलावादक | 1 | - | 1 |
| **14** | सेवादार | 6 | 6 | - |
| **कुल** | | **26** | **18** | **08** |

## अध्यापक-अभिभावक संघ (PTA) :

किसी भी शिक्षण संस्थान के कार्यवहन को सुचारू रूप से चलाने के लिए अभिभावकों एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है I इस सन्दर्भ में 10 सितम्बर, 2022 को प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में महाविद्यालय में अध्यापक-अभिभावक कार्यकारिणी का गठन किया गया I पी० टी० ए० कार्यकारिणी के माध्यम से महाविद्यालय में अनेक छात्र छात्राओं कि सुविधा के लिए कार्यकारिणी का अविस्मरणीय योगदान रहा I इस कार्यकारिणी में निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन सर्वसहमति से किया गया :

| | |
|---|---|
| *मुख्य सलाहकार* | श्री मोहन ठाकुर |
| *अध्यक्ष* | श्री भीम सिंह कालिया |
| *उपाध्यक्ष* | श्रीमती सावित्री देवी |
| *सचिव* | श्री बोध राज |
| *सह-सचिव* | श्री राजेंदर कुमार |
| *कोषाध्यक्ष* | श्री खेम सिंह |
| *AUDIT समिति* | डॉ० विवेक कपूर |
| *सदस्य* | **(महाविद्यालय स्टाफ सदस्य )** प्रो0 ओमकार शरण वरेश्वर सिंह और प्रो0 अनुपमा शर्मा<br>**(अभिवावक सदस्य )**<br>श्री निर्मल , श्री महेंदर और श्रीमती भामा शर्मा जी को चुना गया I |

## पुस्तकालय :

महाविद्यालय के पुस्तकालय में अभी तक लगभग 5000 पुस्तकें उपलब्ध हैं | इसके अलावा पुस्तकालय में हिंदी तथा अंग्रेजी में दैनिक समाचार पत्रों की व्यवस्था की गयी है I छात्रों को सामान्य ज्ञान में जागरूक करने एवं प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने व रोजगार अवसरों की जानकारी के लिए मासिक पत्रिकाओं "प्रतियोगिता दर्पण", “योजना मासिक पत्रिका”, “डाउन टू अर्थ” और "Competition Success Review" कुरुक्षेत्र, भाषा, खेल प्रतियोगिता दर्पण, विज्ञान प्रगति, विज्ञान की दुनिया पत्रिकाओं की व्यवस्था की गयी है I

## महाविद्यालय पत्रिका :

महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका “**सराजिका**” विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करती है I जो अंग्रेजी, हिन्दी,वाणिज्य, विज्ञान, पहाड़ी और योजना प्रबंधन विषय से सुसज्जित है I इस पत्रिका में छात्रों द्वारा सृजित लेखों को प्रकाशित किया जाता है | सत्र 2022-23 के लिए प्राध्यापक वर्ग व् छात्र वर्ग से निम्नलिखित मुख्य संपादक, संपादक व उप-संपादक बनाए गए :

**मुख्य संपादक:** **डॉ० कुलभूषण शर्मा**

1. अंग्रेजी अनुभाग आचार्या संपादक : श्रीमती अनुपमा शर्मा
2. हिन्दी अनुभाग आचार्य संपादक: श्री कुशाल सिंह
3. पहाड़ी अनुभाग आचार्य संपादक: श्री ख्याल चंद

**4.** योजना एवं वाणिज्य अनुभाग आचार्य संपादक: श्री बोध राज
**5.** विज्ञान अनुभाग आचार्य संपादक: डॉ० दलीप सिंह

**संपादक मंडल :**

| **क्रम** | **उप-संपादक** | **कक्षा** | **अनुभाग** |
|---|---|---|---|
| **1** | कांता कुमारी | कला स्नातक तृतीय वर्ष | अंग्रेजी |
| **2** | दलीप कुमार | कला स्नातक तृतीय वर्ष | हिन्दी |
| **3** | पेक्षिता | कला स्नातक तृतीय वर्ष | पहाड़ी |
| **4** | अनीता | कला स्नातक तृतीय वर्ष | योजना |
| **5** | मोनिका शर्मा | विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष | विज्ञान |
| **6** | राज शर्मा | वाणिज्य स्नातक तृतीय वर्ष | वाणिज्य |

## हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा एचपीकेवीएन के सौजन्य से कौशल संवर्धन कार्यक्रम:

वर्तमान सत्र में राजकीय महाविद्यालय सराज स्थित लंबाथाच में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा एचपीकेवीएन की ओर से दो कौशल संवर्धन कार्यक्रम-"Merchandise Course" "English, Employability and Entrepreneurship" सुचारू रूप से चलाए जा रहे हैं जिसमें स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं।

# शिक्षेत्तर गतिविधियाँ

## हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा समारोह :

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) के विद्यार्थियों ने वल्लब महाविद्यालय मंडी में आयोजित हिमाचल प्रदेश युवा समारोह समूह -III (नृत्य) लोक नृत्य विधा में दिंनाक दिसम्बर 01-05, 2022 तक भाग लिया I

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) के सराज थिएटर क्लब के युवा कलाकारों ने दिंनाक नवम्बर 24-27, 2022 तक गौतम गर्ल्स कॉलेज हमीरपुर में आयोजित हिमाचल प्रदेश युवा समारोह समूह -IV (थिएटर) में प्रहसन "स्वर्ग का पासपोर्ट" और मूक अभिनय- "God is Great" में भाग लिया I

## साहित्य परिषद् :

राजकीय महाविद्यालय सराज में विद्यार्थियों के सृजनात्मक दृष्टिकोण के विकास के लिए साहित्य परिषद् का गठन किया गया है, जिसमें हिंदी व अंग्रेजी विषय के विद्यार्थी पंजीकृत है इस परिषद् द्वारा इस सत्र में निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया :

## हिंदी पखवाड़े का आयोजन :

राजकीय महाविद्यालय सराज लम्बाथाच में हिंदी पखवाड़े का आयोजन 14 सितम्बर, 2022 किया गया I इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राकेश शर्मा मुख्यातिथि रहे I हिंदी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे:- निवंध लेखन, कहानी लेखन, नारा /साहित्य कथन लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, कविता पाठन और भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र छात्रओं ने भाग लिया I इसमें महाविद्यालय प्राचार्य ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया I

## *Remembering RK Narayan :*

राजकीय महाविद्यालय सराज के अंग्रेज़ी विभाग द्वारा भारत के विश्वविख्यात अंग्रेज़ी लेखक आर. के. नारायण के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर 11 अक्तूबर, 2022 को "Remembering RK Narayan" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत काव्य-पाठ, संवाद अदायगी, पत्र वाचन और लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें अंग्रेज़ी विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साहित्य के मर्म को गहन तरीके से समझने हेतु आवश्यक गुर भी सिखाए गए।

## रेड-रिब्बन क्लब (Red Ribbon Club) :

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में रेड रिब्बन क्लब इकाई का गठन किया गया जिसमें वर्तमान में 40 छात्र –छात्रायें इसके सदस्य हैं I इस क्लब का उद्देश्य छात्रों में सामाजिक कल्याण व उत्थान कार्यों के लिए प्रेरित करना रहता है I इस क्लब द्वारा वर्ष 2022-23 में निम्नलिखित गतिविधियाँ की गई I

01 दिसम्बर, 2022 को विश्व एड्स जागरूकता दिवस पर रेड रिबन क्लब द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ जागरूकता रैली का आयोजन किया गया तथा इस उपलक्ष्य पर नागरिक चिकित्सालय थुनाग से डॉ० पुष्पेन्द्र और डॉ० हितेश कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता रहे I

## स्वास्थय जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन (Department of Zoology)

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में जंतु विज्ञान और द हंस फाउंडेशन ने मिलकर एक स्वास्थय जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया I इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर कॉलेज की प्राचार्या प्रो0 जया ठाकुर व समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे I इस कार्यक्रम में हंस फाउंडेशनकी तरफ से उपस्थित मेडीकल ऑफिसरडॉ कमल किशोर ने मधुमेह व्यक्तिगत स्वच्छता और पोषण विज्ञान के बारे में जानकारी प्रदान की और उन्होंने मधुमेह होने के कारण, लक्षण, उपचार और जीवन शैली को बदलकर कैसे हम इस गंभीर जानलेवा बीमारी से खुद को स्वस्त रख सकते है के बारे में कॉलेज के छात्र छात्रओं को जागरूक किया I

## सराज थिएटर क्लब द्वारा रंगमंच कार्यशाला :

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में सराज थिएटर क्लब ने अक्तूबर 01 से अक्तूबर 31, 2022 तक कार्यक्रम समन्वयक डॉ. कुलभूषण शर्मा (सहायक आचार्य, अंग्रेज़ी विभाग) के मार्गदर्शन में "रंगमंच कार्यशाला" का संचालन किया गया जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के 30 युवा रंगकर्मियों को अभिनयकौशल की बारीकियों को सिखाया गया। इसके अतिरिक्त युवा कलाकारों ने महाविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा कर अभिनय कौशल से सभी को मंत्रमुग्ध किया।

## नटराज कला मंच द्वारा कथक नृत्य कार्यशाला :

महाविद्यालय के नटराज कला मंच ने भी डॉ. सुरेंद्र (सहायक आचार्य, संगीत विभाग) के मार्गदर्शन में "कथक नृत्य कार्यशाला" का आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय के 20 विद्यार्थियों ने कथक नृत्य को सीखा। नटराज कला मंच के कलाकारों ने महाविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सभी का मनोरंजन किया।

## *Sensitisation, Prevention and Redressal of Sexual Harassment (SPARSH):*

SPARSH द्वारा सितंबर 26, 2022 को एक विशेष "इंडक्शन कार्यक्रम" का आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं को जागरूक करते हुए कार्यक्रम अध्यक्षा अनुपमा शर्मा ने "Health and Hygiene" विषय पर अपना वक्तव्य रखा। इस कार्यक्रम में प्रत्येक कक्षा से "जेंडर इक्विटी एम्बेसडर्स" को चयनित किया गया।

महाविद्यालय में 9 मार्च 2023 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया ।इस कार्यक्रम में गीतांजलि ठाकुर, डीएसपी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने वक्तव्य में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस वर्ष की थीम Digital के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस उपलक्ष पर महाविद्यालय में संभाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन और चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

## इको क्लब :

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में इको क्लब का गठन किया गया है जिसमें 30 छात्र – छात्रायें पंजीकृत हैं I इस क्लब का उदेश्य छात्रों में स्वच्छता, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, सामाजिक कल्याण व उत्थान कार्यों के लिए प्रेरित करना रहता है I इस क्लब द्वारा निम्नलिखित गतिविधियाँ की गई :

- इको क्लब ने सितम्बर माह में महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया I
- 05 अक्तूबर, 2021 को वाइल्ड लाइफ सप्ताह महाविद्यालय के परिसर में मनाया गया जिसमें फारेस्ट एंड लाइवलीहुड सस्टेनिंग पीपल एंड प्लेनेट विषय पर बीज वक्ताओं ने व्याख्यान दिए तथा छात्रों ने रगोंली, क्विज और भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया I

## महाविद्यालय वार्षिक सांस्कृतिक समारोह :

दिसम्बर 16-17, 2022 को महाविद्यालय के छात्रों द्वारा वार्षिक सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया | जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे | इसमें छात्रों ने एकल गीत, एकलनृत्य, समूह गान, पहाड़ी नाटी,युगल नृत्य, रंगोली प्रतियोगिता,मेहन्दी प्रतियोगिता व फैंसी ड्रेस इत्यादि प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया | इस समारोह में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया |

## शैक्षणिक भ्रमण :

विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास हेतु शैक्षणिक भ्रमण का विशेष महत्व है इस महाविद्यालय के भूगोल और इतिहास विषय के विद्यार्थियों ने 05-08 अक्टूबर, 2022 को मसरूर मंदिर और काँगड़ा किला का भ्रमण किया जहाँ विद्यार्थि ने मंदिर निर्माण की अनूठी शैली से रूबरू हुए I इस भ्रमण का निर्देशन डॉ० ख्याल चंद (आचार्य भूगोल विभाग) और श्री. विनोद कुमार (आचार्य इतिहास विभाग ने किया I

## एन .सी.सी. :

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में 24 दिसंबर 2020 को 18 विद्यार्थियों को एनसीसी के प्रथम वर्ष में कैडेट के रूप में भर्ती कर महाविद्यालय में एनसीसी का शुभारंभ किया गया था I वर्तमान सत्र में 23 कैडेट्स की भर्ती के साथ महाविद्यालय में तीनों वर्षो में कुल कैडेट्स की संख्या 50 हो गई है I प्रो. ओंकार शरण

वरेश्वर सिंह की अध्यक्षता में महविद्यालय में एनसीसी बेहतरीन कार्य कर रही है I **राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच की एनसीसी इकाई को समूचे हिमाचल प्रदेश में सर्वोत्तम एनसीसी** इकाई के तौर पर वर्ष 2022 एवं 23 सत्र के लिए नामित किया गया है I सत्र 2022-23 के लिए सीनियर अंडर ऑफिसर उषा कुमारी और अंडर ऑफिसर ज्योति के नेतृत्त्व में महाविद्यालय में निम्नवत कार्य किये गये :

- CPL यशवंत ने थल सैनिक कैंप (धर्मशाला) में दिंनाक 4 अगस्त 2022 को भाग लिया I
- एनसीसी इकाई ने महामहिम राज्यपाल हिमाचल प्रदेश श्री राजेंदर विश्वनाथ अर्लेकर जी को राष्ट्रीय सलूट दिंनाक अगस्त 04, 2022 दिया I
- एनसीसी इकाई ने अगस्त 12, 2022 तिरंगा रैली निकाली I
- एनसीसी इकाई ने अगस्त 15, 2022 को स्वतंत्रता दिवस जंजेहली में भाग लिया I
- (SGT) सोनू मेहता ने आर्मी अटैचमेंट कैंप (फ़ूर्सतगंज, धर्मशाला) 16-30 अगस्त, 2022 को आयोजित में भाग लेकर लोक नृत्य एवं फायरिंग में प्रथम स्थान हासिल किया I
- एनसीसी (CDT) यामिनी ठाकुर ने बेसिक लीडरशिप कैंप (मलौत, पंजाब) 20-26 अगस्त, 2022 को आयोजित कैंप में भाग लेकर खो-खो, समूह गान, ग्रुप डिस्कशन में प्रथम स्थान लघु नाटिका में द्वितीय तथा लोक नृत्य में तृतीय स्थान हासिल किया I
- एनसीसी इकाई ने मतदाता जागरूकता अभियान अगस्त 25, 2023 को मनाया I
- CPL पंकू ने रॉक क्लाइम्बिंग टैनिंग कैंप (पिथौरागढ़) में 31 अगस्त, 2022 से 06 सितम्बर, 2022 तक भाग लिया I
- एनसीसी इकाई द्वारा 05 सितम्बर, 2022 को अध्यापक दिवस मनाया I
- एनसीसी कैडेट CDT यामिनी ठाकुर ने एडवांस लीडरशिप ट्रेनिंग कैंप (मलौत, पंजाब) 06-16 सितम्बर, 2022 को आयोजित में रिले रेस, रस्सा कस्सी तथा ग्रुप डिस्कशन में प्रथम स्थान हासिल किया I
- रिपब्लिक डे कैंप (मंडी) 10-11 अक्टूबर, 2022 में एनसीसी कैडेट SUO उषा कुमारी, UO ज्योति ठाकुर, SGT सोनू मेहता, CPL पंकू और CPL तब्बू ने भाग लिया I
- UO ज्योति ठाकुर ने रिपब्लिक डे कैंप (ऊना) में 04-11 नवम्बर, 2022 बतौर बटालियन लीडर भाग लिया I
- UO ज्योति ठाकुर ने रिपब्लिक डे कैंप (पंडोह) 12-19 नवम्बर, 2022 में भाग लिया I
- एनसीसी इकाई द्वारा 21 नवम्बर, 2022 संविधान एवं NCC दिवस मनाया I
- एनसीसी कैडेट्स ने 23-28 नवम्बर, 2022 CATC कैंप में भाग लिया I
- एनसीसी इकाई ने 23 दिसम्बर 2022 को कॉलेज में सफाई अभियान चलाया I
- एनसीसी इकाई ने 26 जनवरी, 2023 को गणतंत्र दिवस (थुनाग) में भाग लिया I
- बी.ए. द्वितीय के 15 कैडेट्स ने 12 फरवरी, 2023 को BEE CERTIFICATE तथा बी.ए. तृतीय के 14 कैडेट्स ने CEE CERTIFICATE कि परीक्षा 19 फरवरी, 2023 को दी I

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. बोध राज के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यान्वियन चल रहा है महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की आधी यूनिट है जिसमें 50 स्वयंसेवी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आने वाले सत्र से महाविद्यालय को पूरी यूनिट मिल चुकी है, इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए छात्र वर्ग में मनीष बीए तृतीय वर्ष सुपुत्र श्री रविंदर सिंह, और छात्रा वर्ग में वेदिका भारती सुपुत्री श्री होशियार सिंह बीए द्वितीय वर्ष उनकी लगातार बहुमूल्य सेवाओं

को ध्यान में रखते हुए सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी चुना गया है। वर्ष 2022-23 में निम्नलिखित कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत किए गए I

- 24 सितंबर 2022 को "एनएसएस राइजिंग डे" मनाया गया जिसमें सभी स्वयंसेवियों ने बढ़ा कर भाग लिया। जिसमें एनएसएस के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई, एवम कुछ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।
- 21 अगस्त, 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के संव्यसेवियों ने तिरंगा रैली का आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय की एनसीसी, रोवर एंड रेंजर आदि के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।
- 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर का आयोजन 24 फरवरी से 02 मार्च, 2023 तक किया गया । जिनसे। स्व्यमसेवियो ने महाविद्यालय कैंपस की साफ सफाई, एनएसएस इस कैंप के दौरान विभिन्न विभागों से आएं वक्ताओं से भी रूबरू हुए। 7 दिन में विभिन्न सफाई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें महाविद्यालय परिवार के सदस्यों का भी अहम योगदान रहा।
- मार्च 3, 2023 को एक दिवसीय विशेष कैंप का भी आयोजन किया गया जिसमे एनएसएस स्व्यमसेवियों ने कैंपस में साफ सफाई की।

## रोवर्ज एंड रेंजर्ज (ROVERS & RANGERS)

भारत स्काउट एवं गाइड के सौजन्य से महाविद्यालय में रोवर्ज व रेंजरज की इकाई गठित है। सत्र 2022-23 में 27 छात्राएं रेंजरज और 13 छात्र रोवर्ज में पंजीकृत हैं। इस सत्र में निम्नलिखित गतिविधियां इस प्रकार से हैं:

- महाविद्यालय की रोवर्ज व रेंजरज इकाई ने 7 जुलाई, 2022 से 15 जुलाई, 2022 तक महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान और परिसर सौंदर्यीकरण में बढ़-चढ़ कर भाग लिया।
- महाविद्यालय के चार रोवर्ज और तीन रेंजरज ने 31 अगस्त, 2022 से 04 सितंबर, 2022 तक रिवालसर में राज्य स्तरीय निपुण कैंप में भाग लिया।
- 29 सितंबर, 2022 से 03 अक्टूबर, 2022 तक 3 रोवर्ज ने रिवालसर में राज्य स्तरीय कार्यशाला में भाग लिया।
- महाविद्यालय के पांच रोवर्ज और पांच रेंजर्ज ने राज्य स्तरीय प्री आर डी सिलेक्शन कैंप में 17 नवंबर, 2022 से 21 नवंबर, 2022 तक रिवालसर में भाग लिया।
- महाविद्यालय के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि रेंजर्स अनीता, ईशा ठाकुर, लता देवी और रोवर चिराग ने 17 जनवरी, 2023 से 27 जनवरी, 2023 को शिमला में रिज मैदान में राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिनिधित्व किया।
- सत्र 2022-23 के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए श्रेष्ठ रोवर चिराग (बीए द्वितीय)और श्रेष्ठ रेंजर के लिए अनीता (बीए तृतीय) को चयनित किया गया है।

# खेल-कूद प्रतियोगिता 2022-23

खेल छात्रों के विकास और विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। खेलों में भाग लेने से शरीर के मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक फिटनेस के विकास में मदद, एक छात्र विभिन्न कौशल, अनुभव और आत्मविश्वास प्राप्त करता है जो उनके व्यक्तित्व के विकास में सहायक होते हैं।

## वार्षिक खेल-कूद संगम :

14 मार्च, 2023 को कॉलेज की वार्षिक एथलेटिक और स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। उद्घाटन व समापन समारोह की मुख्य अतिथि इस कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर जया ठाकुर थीं। हितेन्द्र कुमार, बी.ए. प्रथम वर्ष और मिस मीनाक्षी, बी.ए. प्रथम वर्ष को कॉलेज वार्षिक एथलेटिक मीट 2023 में पुरुष और महिला वर्गों में सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया।

### अंतर- विश्वविद्यालय बास्केट बॉल खो–खो प्रतियोगिता :

हमारे कॉलेज ने हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज चैंपियनशिप 2022-23 में पुरुषों के साथ-साथ महिला वर्ग में बास्केट बॉल, खो-खो आदि कई खेलों में भाग लिया है। कुमारी टीला ठाकुर बी.ए. द्वितीय वर्ष ने जनवरी, 2023 में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद (हरियाणा) में आयोजित इंटर वैरायटी खो-खो चैंपियनशिप में भाग लिया ।

## शिक्षकों की व्यक्तिगत उपलब्धियां

### श्रीमती जया कुमारी (सह आचार्या, इतिहास विभाग):

- श्रीमती जया कुमारी ने दिंनाक दिसम्बर 23, 2022 को "Culture, Science, Spirituality and Education" नामक विषय पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Indian Science in Pre-Historic Times" शोधपत्र प्रस्तुत किया I

### श्री रमेश चंद कटारिया (सह आचार्य, जंतु विभाग):

- श्री रमेश चंद कटारिया द्वारा लिखित शोध पत्र "The Influence of Geographical Factors on Polyploidy in Angiosperms with Cartographic Evidence from the Northwestern Himalayas: A Review", *Nature Environment and Pollution Technology- An International Quarterly Scientific Journal* में प्रकाशित हुआ I

### डॉ० कुलभूषण शर्मा (सहायक आचार्य, अंग्रेजी विभाग) :

- डॉ० कुलभूषण शर्मा ने Indira Gandhi National Open University (IGNOU), नई दिल्ली द्वारा UGC- Approved Short-Term Professional Development Programme के अंतर्गत "Professional Development Programme on Implementation of NEP-2020 for Univery and College Teachers" सितंबर 21, 2022 से सितंबर 29, 2022 तक "A" ग्रेड में पूर्ण किया।

- डॉ० कुलभूषण शर्मा ने दिनांक अक्टूबर 10, 2022 को English Teachers Forum (ETF) द्वारा आयोजित "Monday Musings" कार्यक्रम में काव्य–पाठ किया।

- डॉ० कुलभूषण शर्मा ने दिनांक दिसंबर 10, 2022 को हिमालय साहित्य संस्कृति एवम् पर्यावरण मंच और हिमाचल संस्कृति अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में गेयटी थिएटर में आयोजित काव्य- गोष्ठी में "ताकि महक बनी रहे", "रंगमंच" और "नासूर" कविताओं का काव्य पाठ किया।

- डॉ० कुलभूषण शर्मा ने दिनांक दिसंबर 06, 2022 से दिसंबर 14, 2022 तक Eudoxia Research University, ERU-USA द्वारा आयोजित ऑनलाइन कोर्स "International Faculty Development Programme on Synopsis, Thesis Drafting and Publication Process" पूर्ण किया।

- डॉ० कुलभूषण शर्मा ने पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत रामानुजम कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 02 जनवरी, 2023 से 16 जनवरी, 2023 तक आयोजित अंग्रेजी विषय पर आधारित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम "A+" ग्रेड में पूर्ण किया।

- डॉ० कुलभूषण शर्मा ने जम्मू विश्वविद्यालय के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2022-23 स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम को तैयार करते हुए पाठ्यक्रम निर्माण प्रक्रिया में पाठ्य समिति के सदस्य के रूप में अपनी भूमिका निभाई।

- डॉ० कुलभूषण शर्मा ने "मोहना: एक वीरगाथा" नामक हिंदी में अनुवादित पुस्तक भी प्रकाशित हुई।

- इसके अतिरिक्त इन्होने राजकीय महाविद्यालय करसोग और स्थानीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, निहारी सुनाह में बीज वक्ता के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की।

### श्री कुशाल सिंह (सहायक आचार्य, हिंदी विभाग):

- श्री कुशाल सिंह ने 05 नवम्बर से 19 नवम्बर, 2022 तक हिंदी विषय में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजम कॉलेज से किया I

### डॉ० ख्याल चंद )सहायक आचार्य, भूगोल विभाग :(

- डॉ० ख्याल चंद ने राजकीय महाविद्यालय अर्की में "Social Media and Social Space Issues and Challanges" विषय पर बीज वक्ता के रूप में अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया।
- डॉ० ख्याल चंद ने दिनांक दिसम्बर 31, 2022 को पी.एच.डी. पूर्ण की I

- डॉ० ख्याल चंद ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2022-23 स्नातक पाठ्यक्रम को तैयार करते हुए पाठ्यक्रम निर्माण प्रक्रिया में पाठ्य समिति के सदस्य के रूप में अपनी भूमिका निभाई।
- इन्होने दिनांक मार्च 24-25, 2023 को St. Bede's College में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्टी में "Is Sustainable and Smart City an Urban Utopia" शोधपत्र प्रस्तुत किया।

### डॉ० रविंदर कुमार (सहायक आचार्य, शारीरिक शिक्षा विभाग) :

- डॉ० रविंदर कुमार ने 21 से 29 2020-एनईपी लिए के शिक्षक कॉलेज और विश्वविद्यालय आयोजित - NEP के कार्यान्वयन पर व्यावसायिक विकास कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया।
- डॉ० रविंदर कुमार ने एचपीयू द्वारा विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक के रूप में गवर्नमेंट संस्कृत महाविद्यालय सुंदर नगर में इंटर कॉलेज खो –खो चैंपियनशिप (पुरुष) सितंबर 21 से 19, 2022 नियुक्त हुए।
- डॉ० रविंदर कुमार एचपीयू में एक विश्वविद्यालय के अधिकारी और चयन समिति के सदस्य के रूप में गवर्नमेंट कॉलेज नालागढ़, सोलन में इंटर कॉलेज खो-खो (महिला) चैंपियनशिप 29 से 30 नवंबर, 2022 तक नियुक्त हुए।
- डॉ० रविंदर कुमार ने दिनांक 12 जनवरी, 2023 को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी कैंपस, मोहाली में खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया क्वालीफाई किया।

**श्री बोध राज (सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग):**

- श्री बोध राज ने Indira Gandhi National Open University (IGNOU), नई दिल्ली द्वारा UGC- Approved Short-Term Professional Development Programme के अंतर्गत "Professional Development Programme on Implementation of NEP-2020 for Univery and College Teachers" सितंबर 21, 2022 से सितंबर 29, 2022 तक "A" ग्रेड में पूर्ण किया।

**श्री ओंकार शरण वरेश्वर सिंह (सहायक आचार्य, राजनीति विभाग):**

- श्री ओंकार शरण वरेश्वर सिंह ने Indira Gandhi National Open University (IGNOU), नई दिल्ली द्वारा UGC- Approved Short-Term Professional Development Programme के अंतर्गत "Professional Development Programme on Implementation of NEP-2020 for Univery and College Teachers" सितंबर 21, 2022 से सितंबर 29, 2022 तक "A" ग्रेड में पूर्ण किया।

## आभार

इससे पहले कि मैं अपनी वाणी को विराम दूँ, मैं अन्तर्मन की गहराईयों से एक बार फिर मुख्य-अतिथि माननीय श्री डॉ० वाई. पी. शर्मा, प्राचार्य का इस समारोह में पधारने पर आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने अपनी व्यस्तताओं के बाबजूद अपना अमूल्य समय विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए दिया और विभिन्न क्षेत्रो में अर्जित उपलब्धियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित हो कर हमें अनुगृहीत किया I मैं इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय प्रशासन, मीडिया वर्ग व अन्य अतिथिगण का भी धन्यवाद करती हूँ जिन्होंने हमें समय-समय पर अपना पूर्ण सहयोग दिया है I मैं महाविद्यालय के विद्यार्थियों, केन्द्रीय छात्र परिषद, पी० टी० ए० प्रधान व कार्यकारणी सदस्यों, अभिभावकों, आचार्यवृंद व सभी गैर शिक्षक कर्मचारियों का हार्दिक धन्यवाद करती हूँ जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया I मैं समस्त पुरस्कार विजेताओं को बधाई देती हूँ और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ I

"जय हिंद"

**श्रीमती जया कुमारी**
**प्राचार्या**
**राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच)**